IS/ISO 9001 - 2000

APM INDUSTRIES LIMITED

910, Chiranjiv Tower, 43, Nehru Place, New Delhi-110019
Phone : (011) 26441015-17 Fax : (011) 26441018
E-mail : delhi@apmindustries.co.in
CIN No. : **L21015RJ1973PLC015819**
Website : www.apmindustries.co.in

August 14, 2026

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400001

Ref: Scrip Code 523537
Sub: Submission of copies of newspaper advertisements regarding 52nd Annual General Meeting of the Company to be held through Video Conferencing (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM)

Dear Sirs,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in compliance with various circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs and the Securities and Exchange Board of India, we hereby enclose copies of newspaper advertisement published in 'Business Standard' (English) and 'Business Remedies' (Hindi) on August 14, 2026 intimating the shareholders about holding the 52nd Annual General Meeting ('AGM') through video conference/other audio-visual means ('VC/OAVM'). The 52nd AGM of APM Industries Limited ('the Company') is scheduled to be held on Thursday, September 10, 2026 at 12:30 p.m. (IST) through VC/OAVM.

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **APM Industries Limited**

NEHA GOEL
Digitally signed by NEHA GOEL
Date: 2026.08.14 13:07:54 +05'30'

Neha Goel
Company Secretary & Compliance Officer

Encl: as above

ईरान संघर्ष के दौरान दक्षिण कोरियाई इंचियोन रहा दुनिया का सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

सोल | बिज़नेस रेमेडीज

दक्षिण कोरिया की राजधानी का प्रवेश द्वार कहा जाने वाला इंचियोन इंटरनेशनल एयरपोर्ट 2026 की पहली छमाही में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या के मामले में दुनिया का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। इसकी एक बड़ी वजह मध्य पूर्व में जारी ईरान युद्ध के कारण हवाई यातायात का रूट बदलना है। एयरपोर्ट ने जनवरी से जून 2026 के बीच 3.839 करोड़ अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभाला। इसके साथ ही इंचियोन ने लंबे समय से शीर्ष पर रहने वाले लंदन के हीथ्रो और सिंगापुर के चांगी को पीछे छोड़ दिया। हीथ्रो में 3.779 करोड़ और चांगी में 3.453 करोड़ अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का आवागमन हुआ। 2001 में शुरू हुए इंचियोन के इतिहास में यह पहली बार है जब उसने अंतरराष्ट्रीय यातायात की वैश्विक रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। 2002 में वह 10वें स्थान पर था, 2018 में पांचवें और 2024 और 2025 में तीसरे स्थान पर पहुंचा था। इंचियोन की इस छलांग में मध्य पूर्व का संकट महत्वपूर्ण कारक रहा। अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण दुबई जैसे मध्य पूर्वी एयर हब की भूमिका कमजोर हुई और ट्रांजिट यात्रियों का एक हिस्सा पूर्वी एशिया के वैकल्पिक मार्गों की ओर मुड़ गया।

मोटोरोला आकाशवाणी ने समाज की भलाई के लिए एआई को बढ़ावा दिया; हाइपर लोकल वेदर इंटेलिजेंस के साथ हरियाणा के 17 हजार किसानों को किया सशक्त

चंडीगढ़ | बिज़नेस रेमेडीज

मोबाइल टेक्नोलॉजी और नवाचार में ग्लोबल लीडर, मोटोरोला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मोटोरोला की इंडिया मार्केटिंग हेड इशिता चौधरी, मोटोरोला की इंडिया सीएसआर स्पेशलिस्ट पौलमी डे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरियाणा सरकार को मोटोरोला आकाशवाणी कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र सौंपा। मोटोरोला मोबिलिटी, टार्क फाउंडेशन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ और ANNAM.AI द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित इस कार्यक्रम ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र और यमुनानगर के गांवों में 35 ऑटोमेटेड वेदर स्टेशनों (एडब्ल्यूएस) की स्थापना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इससे लगभग 17,000 किसानों के लिए एआई-संचालित हाइपरलोकल यानी बेहद स्थानीय मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध हुई है और 87,000 ग्रामीण निवासियों को लाभ पहुँचा है।

यह पहल वास्तविक समय में मौसम के पूर्वानुमान, पूर्व चेतावनी अलर्ट और कार्रवाई योग्य सलाह उत्पन्न करने के लिए वर्षा, तापमान, आर्द्रता, हवा की गति, हवा की दिशा और वायुमंडलीय दबाव सहित हाइपरलोकल मौसम मापदंडों को एकत्र और विश्लेषित करती है। एआई-संचालित ये जानकारियां किसानों को बुवाई, सिंचाई, फसल सुरक्षा और कटाई पर सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती हैं, साथ ही खराब मौसम की घटनाओं के लिए तैयारियों को मजबूत करती हैं। यह कार्यक्रम व्हाट्सएप-आधारित अलर्ट, पंचायत के नेतृत्व में सूचना प्रसार और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से सामुदायिक लचीलेपन को भी बढ़ावा देता है, जो किसानों और स्थानीय हितधारकों को मौसम की जानकारी को प्रभावी ढंग से समझने और उसका उपयोग करने में मदद करते हैं।

इसके अलावा, इससे मौसम से जुड़े बिल्कुल सही आँकड़े मिलते हैं। ये आँकड़े मौसम के खतरों से बचने की योजना बनाने और फसल नुकसान के बाद बीमा का पैसा पाने में मदद करते हैं। मौसम बताने वाले इन उपकरणों और सलाह देने वाले सिस्टम को लगातार जाँच, मरम्मत और तकनीकी मदद दी जाती है, ताकि ये लंबे समय तक बिना किसी खराबी के सही काम करते रहें। आजकल बदलते मौसम की वजह से खेती पर काफी असर पड़ रहा है, खासकर हरियाणा जैसे राज्य में जहाँ खेती बहुत ज़्यादा होती है। ऐसे में किसानों को सही समय पर उनके इलाके के मौसम की सटीक जानकारी मिलना बहुत ज़रूरी हो गया है।

'जल्द ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक में शामिल होगा ईरान'

तेहरान | बिज़नेस रेमेडीज

ईरान ब्रिक्स के सेंट्रल बैंक गवर्नर अब्दोलनासेर हेम्मती ने कहा है कि ईरान जल्द ही ब्रिक्स देशों के बनाए न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में शामिल होगा। सरकारी मीडिया ने हेम्मती के हवाले से यह जानकारी दी। यह बयान भारत में हो रही ब्रिक्स वित्त बैठक से पहले दिया गया था। जयपुर में 12-13 अगस्त तक ब्रिक्स वित्त मंत्री और सेंट्रल बैंक गवर्नर का आयोजन किया गया। हालांकि, रॉयटर्स के अनुसार, न्यू डेवलपमेंट बैंक के कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस विभाग ने ईरान के जल्द बैंक में शामिल होने की जानकारी की पुष्टि नहीं की है। न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना 2015 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने की थी। बैंक का उद्देश्य बुनियादी ढांचे और सतत विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्त उपलब्ध कराना है।।

नेक्सस सेलीब्रेशन मॉल इस स्वतंत्रता दिवस पर लेकर आया है 'जॉय ऑफ फ्रीडम सेल'

उदयपुर। इस स्वतंत्रता दिवस पर नेक्सस सेलीब्रेशन मॉल में 'जॉय ऑफ फ्रीडम सेल' का आयोजन किया जा रहा है। यह सेल 14 से 16 अगस्त 2026 तक चलेगी। इस दौरान मॉल में फैशन, लाइफस्टाइल और फुटवियर ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। तीन दिन चलने वाली इस सेल में अजॉर्ट, आइकॉनिक, होम सेंटर, पोर्टिको, वेरो मोडा, ओनली, वेस्टसाइड, औरेलिया, लिवास, ट्रेंड्स फुटवेयर, बीबा, गो कलर्स, कैप किड्स, वाइल्डक्राफ्ट, मैक्स, लेवाइस, बैगिट, डिटेल्स, हैमलेज, किको और गार्गी समेत कई लोकप्रिय ब्रांड्स शामिल होंगे।